डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

आपकी आवाज

रविवार

04 फरवरी 2024




कमल किशोर हत्याकांड: ब्रजेश सहित चार आरोपितों को कोर्ट ने माना दोषी 2



## आम आदमी की पूंजी को अदाणी को सौंपते जा रहे हैं मोदी: राहुल

**केटी न्यूज/गोड्डा**



भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी झारखंड के गोड्डा में केंद्र की सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इस यात्रा का मकसद है सबको एकजुट करना। बीजेपी जो नफरत फैला रहे हैं, हम इसके खिलाफ आए हैं।

उन्होंने कहा कि मैं पूरे झारखंड के लोगों से कह रहा हूं कि मैं सच में आपकी बात सुनने आया हूं। चाहे वे मजदूर हो, किसान हो, आदिवासी हो या बेरोजगार युवा हो, जिन लोगों को अपनी बातें रखनी है, वो यहां आए, मेरे साथ जीप पर बैठ जाएं और अपनी बातें रखें, बातचीत करें। मैं आपकी बात सुनने आया हूं। दिल से आपका धन्यवाद करता हूं।

राहुल गांधी ने कहा कि जो आपकी पूंजी है, वो नरेंद्र मोदी अपने मित्र अदाणी को एक-एक कर देते जा रहे हैं। उन्होंने कहा हम भूमि न्यायाधिकरण बिल लाए, जिसमें ये प्रावधान किया जाना चाहिए था कि अगर गरीब किसान से जमीन ली जाए, तो पंचायत से और उससे पूछकर ली जाए. इसके अलावा उसे मार्केट रेट से चार गुना अधिक पैसे दिए जाए, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने भूमि न्यायाधिकरण विधेयक रद्द कर दिया।

# भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न सम्मान देने का ऐलान

- 8 नवंबर 1927 को पाकिस्तान के कराची शहर के एक सिंधी परिवार में हुआ था आडवाणी का जन्म
- आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की थी
- वह उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की रखी थी नींव

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वरिष्ठ भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से नवाजा जाएगा। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी जानकारी दी। आडवाणी देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री रह चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी



और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरूआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद वह हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया। 1947 में आडवाणी देश के आजाद होने का जश्न भी नहीं मना सके क्योंकि आजादी के महज कुछ घंटों में ही उन्हें अपने घर को छोड़कर भारत रवाना होना पड़ा। विभाजन के समय उनका परिवार पाकिस्तान छोड़कर मुंबई आकर बस गया। यहां उन्होंने लॉ कॉलेज ऑफ द बॉम्बे यूनिवर्सिटी से कानून की पढ़ाई की। उनकी पत्नी का नाम कमला आडवाणी है। उनके बेटे का नाम जयंत आडवाणी और बेटी का नाम प्रतिभा आडवाणी है। आडवाणी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जरिए अपने राजनीतिक करियर की शुरूआत की थी। कई वर्षों तक आडवाणी राजस्थान में आरएसएस प्रचारक के काम में लगे रहे। वह उन लोगों में शामिल हैं जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।

1980 से 1990 के बीच आडवाणी ने भाजपा को एक राष्ट्रीय स्तर की पार्टी बनाने के लिए काम किया। लालकृष्ण आडवाणी तीन बार (1986 से 1990, 1993 से 1998 और 2004 से 2005) भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं। 1984 में महज दो सीटें हासिल करने वाली पार्टी को अगले लोकसभा चुनावों में 86 सीटें मिलीं। पार्टी की स्थिति 1992 में 121 सीटों और 1996 में 161 पर पहुंच गई। आजादी के बाद पहली बार कांग्रेस सत्ता से बाहर थी और भाजपा सबसे अधिक संख्या वाली पार्टी बनकर उभरी थी।

### भारत के विकास में आडवाणी जी का योगदान अविस्मरणीय : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को ट्वीट कर लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की जानकारी दी। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे यह बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने भी उनसे बात की और इस सम्मान से सम्मानित होने पर उन्हें बधाई दी। हमारे समय के सबसे सम्मानित राजनेताओं में से एक, भारत के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर हमारे उपप्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने तक का है।

### अटल सरकार में बनाए गए थे उप-प्रधानमंत्री

वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस में गृहमंत्री रह चुके हैं। लालकृष्ण आडवाणी 2002 से 2004 के बीच अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के सातवें उप प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। 10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। आडवाणी अभी तक आधा दर्जन से ज्यादा रथ यात्राएं निकाल चुके हैं। 1980 में भारतीय जनता पार्टी बनने के बाद से उन्होंने सबसे ज्यादा समय तक पार्टी के अध्यक्ष का पद संभाला था।जिनमें 'राम रथ यात्रा', 'जनादेश यात्रा', 'स्वर्ण जयंती रथ यात्रा', 'भारत उदय यात्रा' और 'भारत सुरक्षा यात्रा' 'जनचेतना यात्रा' प्रमुख हैं।

## पीएम मोदी ने ओडिशा को दी 68 हजार करोड़ की सौगात, बोले...

# 2014 से पहले निराशा में डूबा था युवा, आज आत्मविश्वास से भरा है

- प्रधानमंत्री बोले- मेरा कोई गरीब भाई बहन झुग्गी-झोपड़ी में न रहे, इसके लिए मैं दिन-रात एक कर रहा हूं
- बोले- दिल्ली में जब कांग्रेस का राज था, तब ओडिशा को अपने हक के लिए भी परेशान होना पड़ता था

**एजेंसी/संबलपुर**

विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओडिशा को 68 हजार करोड़ रुपये की 18 परियोजनाओं की सौगात दी है। संबलपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने केंद्र की योजनाओं से ओडिशा को होने वाले लाभ को भी गिनाया। पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि बीते 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने जो नीतियां बनाई हैं, उनका ओडिशा को बहुत ज्यादा फायदा हुआ। हमने खनन के क्षेत्र में जो नए सुधार किए हैं, ओडिशा उसका बहुत बड़ा लाभार्थी है। खनन नीति में बदलाव के बाद ओडिशा की आय में दस गुना की बढ़ोतरी हुई है। अपने संबोधन में अंतरिम बजट का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि दो दिन पहले ही देश का नया बजट आया है। पिछले 10 वर्षों में जिस नीति पर चलते हुए देश के 25 करोड़ लोग, गरीबी से बाहर निकले हैं, ये बजट उसी नीति को और मजबूत करता है। इस बजट का ऐलान है- गरीबों को सशक्त करने की गारंटी। हमारे युवा हों, महिलाएं हों, किसान हों, मछली पालक हों, ये बजट सबके विकास की गारंटी देता है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि मेरा कोई गरीब भाई-बहन झुग्गी-झोपड़ी में न रहे, इसके लिए मैं दिन-रात एक कर रहा हूं। किसान हों, मछली पालक हों, मछुआरे हों, इनकी आय बढ़े, इनका जीवन आसान हो, ये भाजपा सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में हमने उन गांवों में भी बिजली पहुंचाई, जो देश की आजादी के बाद भी अंधेरे में थे। हम एलईडी बल्ब की नई क्रांति देश में लाए ताकि गरीब का बिजली बिल कम हो। अब हमारा प्रयास है कि देश के गरीब का बिजली बिल भी जीरो हो जाए इसलिए इस बजट में 1 करोड़ परिवारों के लिए रूफटॉप सोलर पावर स्कीम की घोषणा की गई है। बीते 10 वर्षों में करीब 1 करोड़ बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं। इस वर्ष के बजट में 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य उठाया गया है।



### पीएम मोदी ने आईआईएम के स्थायी परिसर का किया उद्घाटन

प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2014 के पहले 10 वर्षों तक, केंद्र में जो सरकार थी, वह बजट में जितनी घोषणाएं करती थी, उससे कई गुना बड़े घोटाले करती थी। 2014 से पहले भारत का युवा निराशा में डूबा था, उसका भविष्य अंधेरे में था, आज भारत का युवा आत्मविश्वास से भरा है क्योंकि उसके पीछे ईमानदार भाजपा सरकार खड़ी है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में जब कांग्रेस का राज था, तब ओडिशा को अपने हक के लिए भी परेशान होना पड़ता था। आज आपका ये बेटा दिल्ली में बैठा है, इसलिए आज ओडिशा के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जहां ओडिशा की पहचान को खराब करने के प्रयास होते थे, वहीं हमारी सरकार आज ओडिशा का गौरव बढ़ा रही है। पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा में जी-20 की बड़ी बैठकें हुईं, जिनमें दुनियाभर से लोग आए। दिल्ली में जो जी-20 शिखर सम्मेलन हुआ, उसमें भी ओडिशा छाया रहा। भारत की सांस्कृतिक विरासत से दुनिया के ताकतवर देशों के नेताओं को परिचित कराने के लिए हमने कोणार्क चक्र को चुना। इससे पहले उन्होंने संबलपुर में भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के स्थायी परिसर का उद्घाटन किया। इसे 400 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। प्रधानमंत्री ने संबलपुर में 68 हजार करोड़ रुपये की 18 परियोजनाओं का भी उद्घाटन और शिलान्यास किया। समारोह में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक, राज्यपाल रघुवर दास और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी मौजूद थे।

## पीएम मोदी ने आम आदमी को धोखा दिया है : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा देने का आरोप लगाया और दावा किया कि भले ही सबका साथ, सबका विकास का नारा दिया गया हो, लेकिन सबका सत्यानाश किया गया। खड़गे ने दिल्ली में 'न्याय संकल्प सम्मेलन' में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उल्लेख करते हुए यह दावा भी किया कि अगर राहुल गांधी का यह संघर्ष विफल हुआ तो प्रधानमंत्री मोदी के अंतर्गत लोगों को बहुत पीड़ा झेलनी पड़ेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष ने यह दावा भी किया कि झारखंड में बीजेपी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी क्योंकि सभी विधायक डटकर खड़े रहे। ये लोग (बीजेपी) कहते हैं कि भाजपा सिद्धांत वाली पार्टी है। यह किस तरह का सिद्धांत है। जिस आदमी को ये लोग पहले भ्रष्ट कहते हैं और जेल में डालते हैं, जब वही पार्टी में शामिल हो जाता है तो क्लीन हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के पास एक बहुत बड़ी वाशिंग मशीन है। खड़गे ने कहा कि आज हर अखबार में मोदी की गारंटी लिखा रहता है। पीएम मोदी की गांरटी थी- हर साल दो करोड़ नौकरियां, लोगों के खाते में 15-15 लाख रुपये, लेकिन उन्होंने कुछ भी नहीं दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा देने का काम किया। कांग्रेस ने जो वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया।

# सम्राट चौधरी को वित्त व स्वास्थ्य मंत्रालय, विजय कुमार सिन्हा को पथ निर्माण, राजस्व विभाग

- बिहार मंत्रिमंडल में विभागों का हुआ बंटवारा
- सीएम नीतीश ने अपने पास रखे कुल 5 मंत्रालय
- डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को मिले 9-9 विभाग

**केटी न्यूज/पटना**





बिहार मंत्रिमंडल में विभागों का बंटवारा हो गया है। सीएम नीतीश ने अपने पास कुल 5 मंत्रालय रखे हैं जबकि डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को 9-9 विभाग दिया गया है। इस सीट बंटवारे में बीजेपी के पास 23 विभाग रहेगा. 19 विभाग जेडीयू के पास, दो विभाग 'हम' के पास और एक विभाग निर्दलीय विधायक के पास रहेगा। गृह विभाग सीएम नीतीश के पास ही रहेगा। इस नए कैबिनेट में सम्राट चौधरी को वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नगर विकास आवास विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, पंचायती राज विभाग, उद्योग विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, विधि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि विजय कुमार सिन्हा को कृषि विभाग, पथ निर्माण विभाग, राजस्व भूमि सुधार विभाग, गन्ना उद्योग विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग, श्रम संसाधन विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, लघु जल संसाधन विभाग लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।

विजय चौधरी को जल संसाधन विभाग, संसदीय कार्य विभाग,भवन निर्माण विभाग, परिवहन विभाग, शिक्षा विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि बिजेंद्र यादव को ऊर्जा विभाग, योजना का विकास विभाग, मध्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है जिम्मेदारी दी गई है। श्रवण कुमार को ग्रामीण विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग दिया गया है। प्रेम कुमार को सहकारिता विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, पर्यटन विभाग का जिम्मा सौंपा पाया गया है। संतोष कुमार सुमन को सूचना प्रावैधिकी विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग दिया गया है। इसके साथ ही निर्दलीय विधायक सुमित कुमार को विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की जिम्मेदार जिम्मेदारी सौंप दी गई है।




## सीएम योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज में 352 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

# डबल इंजन की सरकार आस्था का करती है सम्मान: योगी

**केटी न्यूज/कन्नौज**

आज अगर समाजवादी पार्टी की सरकार होती तो अयोध्या में कभी भी श्रीराम का भव्य मंदिर नहीं बन पाता। सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का और कन्नौज में आंबेडकर का विरोध करते हैं। मगर डबल इंजन की सरकार जहां एक तरफ विकास कार्यों को स्पीड से पूरा करती है वहीं आस्था का सम्मान भी करती है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अशोक नगर स्थित के-के इंटर कॉलेज के बोर्डिंग ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कन्नौज को 352 करोड़ रुपए की 59 परियोजनाओं की सौगात दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक के पिता स्व. ओम प्रकाश पाठक की पांचवीं पुण्यतिथि पर नमन किया।



सीएम योगी ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा कार्यकाल में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के नाम पर संचालित कन्नौज के मेडिकल कॉलेज का नाम बदल दिया गया। उन्होंने कहा कि सपा को ना जाने क्यों बाबा साहेब से चिढ़ है। एक ओर सपाई अयोध्या में भगवान श्रीराम का विरोध करते हैं तो वहीं दूसरी तरफ कन्नौज में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर का तिरस्कार करते हैं। समाजवादी पार्टी वोट तो जाति के नाम पर लेती है मगर काम केवल परिवार के लिए करती है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कन्नौज मेडिकल कॉलेज का नाम फिर से बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर के नाम पर किया जाएगा।

### गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत कई सुविधाओं से लैस होगा मेडिकल डिवाइस पार्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के विजन से कार्य कर रही योगी सरकार प्रदेश को प्रगति की नई गति प्रदान कर रही है। उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का अहम हिस्सा साबित होने वाले ग्रेटर नोएडा रीजन में जेवर एयरपोर्ट के पास यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) द्वारा मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास की प्रक्रिया निरंतर जारी है। उल्लेखनीय है कि ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 28 में 350 एकड़ प्रसार क्षेत्र में मेडिकल डिवाइस पार्क का विकास किया जा रहा है। इसकी कुल लागत 439 करोड़ रुपये होने का अनुमान है, जिसमें से सामान्य बुनियादी सुविधाओं के विकास की लागत लगभग 190 करोड़ रुपये होगी। ऐसे में, मेडिकल डिवाइस पार्क को गामा रेडिएशन फैसिलिटी के जरिए कैंसर केयर समेत तमाम सुविधाओं से लैस करने की प्रक्रिया को सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन अनुसार शुरू कर दिया गया है। इस क्रम में, यहां मेडिकल डिवाइस पार्क में कैंसर केयर व रेडियोलॉजी मेडिकल डिवाइसेस, इमेजिंग मेडिकल डिवाइसेस, एनेस्थेटिक्स व कार्डियो रेस्पिरेटरी तथा पेसमेकर्स व कोकलियर इंप्लांट डिवाइसेस से संबंधित इक्विप्मेंट्स से लैस करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मेडिकल डिवाइस पार्क की स्थापना व विकास के पीछे योगी सरकार का उद्देश्य वन स्टॉप डेस्टिनेशन के तौर पर विकसित करने का था जहां एक ही स्थान पर सामान्य व विविध परीक्षणों के लिए प्रयोगशाला व केंद्र की सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

# पूर्व केंद्रीय मंत्री ने अंतरिम बजट की सराहना की, इसे विकसित भारत का मार्ग बताया

♦ अंतरिम बजट से समाज के सभी वर्गों की होगी भलाई - सैयद शाहनवाज हुसैन

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पूरी तरह एकजुट है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी लोकसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेंगी और एक बार फिर एनडीए की सरकार बनेगी। यह बात पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने जिला मुख्यालय सतेंद्र नगर में अयोजित प्रेस-वार्ता में कहीं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के जिलाध्यक्षों एवं नेताओं के साथ प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार के साथ एनडीए का पुराना गठबंधन है। नीतीश कुमार ना एनडीए को छोड़ने वाले हैं और ना हम नीतीश कुमार को छोड़ने वाले हैं। हम लोग मिलजुल कर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में शानदार प्रदर्शन करेंगे तथा मजबूत सरकार देंगे। उन्होंने कहा कि अब बिहार में एक बार फिर बंदे भारत ट्रेन जैसी डबल इंजन की सरकार जमकर विकास करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बिहार में अब उद्योग स्थापित होंगे और लोगों को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने पूर्व उप प्रधानमंत्री



लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा का जोरदार स्वागत किया। प्रेस वार्ता में सांसद सुशील कुमार सिंह ने केंद्र सरकार की ओर से संसद में पेश केंद्रीय आम बजट को मोदी की गारंटी वाला बजट बताया और कहा कि इससे समाज के सभी वर्ग के लोगों की भलाई होगी। उन्होंने कहा कि देश में लखपति दीदियों का लक्ष्य 3 करोड़ किया जाना और दो करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाने की घोषणा सराहनीय है। यह बजट निरंतरता का विश्वास रखता है। यह बजट विकसित भारत के चार जातियों - युवाओं, गरीबों, महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाएगा।

देश के पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में ही भारत दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था से अब पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। इसके तहत किराए के मकानों और झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को लाभ मिल सकेगा। विधान पार्षद दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि बजट आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और बुनियादी ढांचे के निवेश और विकास पर इसका जोर सीमेंट और स्टील जैसे कई क्षेत्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा। इस मौके पर पुर्व विधायक सह भाजपा ज़िला प्रवक्ता मनोज शर्मा, ज़िला अध्यक्ष मुकेश शर्मा, जिला महामंत्री मुकेश कुमार सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनील सिंह, कोषाध्यक्ष आलोक सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, काराकाट लोक सभा प्रभारी अनील कुमार सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम सिंह, रामानुज पांडे, अशोक मेहता, सोनू सिंह, दीपक कुमार, अनीता सिंह, मंजू सिंह सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय होगा देव सूर्य महोत्सव

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड में सूर्य महोत्सव के सफल आयोजन की तैयारी से संबंधित एक बैठक अपर समाहर्ता ललित भूषण रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में आहूत की गई। महोत्सव का आयोजन 16 फरवरी से 18 फरवरी 2024 तक निर्धारित है। इसके लिए आवश्यक कार्यक्रम बनाने, इसकी तैयारी करने एवं इसकी दायित्व निर्वाहन हेतु अधिकारियों की समिति बनाई गई है। इसके अतिरिक्त विगत वर्ष की भांति जिला स्तरीय चित्रकला, रंगोली निबंध, पेंटिंग एवं मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न खेल जैसे फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो एवं दंगल (कुश्ती) प्रतियोगिता का भी आयोजन करने का निर्णय किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत कलाकारों के चयन हेतु उप विकास आयुक्त, औरंगाबाद की अध्यक्षता में एक समिति गठित कर दिया गया है। उप विकास आयुक्त बताया की कलाकारों के सूची प्राप्त हो गया है, कलाकार चयन की प्रक्रिया दो दिन में पूरी कर ली जाएगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन, विभिन्न प्रतियोगिता की कार्य योजना एवं अन्य तैयारी हेतु प्रखंड विकास पदाधिकारी, देव एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी औरंगाबाद को निर्देश दिया गया।

## खबरें फटाफट

### ट्रक की चपेट में आने से मैट्रिक के छात्र की मौत

**आरा।** आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के दौलतपुर बोरिंग के पास शुक्रवार की देर शाम बेलगाम ट्रक ने सड़क पार कर रहे मैट्रिक के एक छात्र को रौंद दिया। हादसे में गंभीर रूप से छात्र की इलाज के लिए पटना ले जाने के दौरान रास्ते में मौत हो गयी। घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। मृत छात्र कोईलवर थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव निवासी संजय राय का 15 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार उर्फ विपिन था। वह इसी वर्ष मैट्रिक की परीक्षा देने वाला था। उसके चचेरे भाई मनीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात रितेश घर से निकाला था। किसी काम से वह सड़क पार कर रहा था। उस दौरान उसने ट्रक को हाथ देकर रोकने का इशारा भी किया था। उसके बावजूद ट्रक चालक उसे रौंदते निकल गया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद इलाज के लिए उसे आरा स्थित निजी अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि पटना ले जाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन शव को वापस गांव ले आए। बताया जा रहा है कि छात्र अपने दो भाई और एक बहन में बड़ा था।

### करनामेपुर ओपी के सोनवर्षा गांव में गवाह कमल किशोर की हुई थी हत्या

# कमल किशोर हत्याकांड: ब्रजेश सहित चार आरोपितों को कोर्ट ने माना दोषी

♦ द्वितीय अपर जिला व सत्र न्यायाधीश कोर्ट ने सुनवाई के बाद चारों को पाया दोषी, 12 को सुनाई जाएगी सजा

**केटी न्यूज/आरा**

आरा की अदालत द्वारा चर्चित भाजपा नेता विशेश्वर ओझा हत्याकांड के मुख्य गवाह कमल किशोर मिश्रा की हत्या में चार आरोपितों को दोषी करार दिया गया है। द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार सिंह के कोर्ट द्वारा शुक्रवार को सुनवाई के बाद चारों को दोषी ठहरा दिया गया। इन आरोपितों में सोनवर्षा गांव निवासी ब्रजेश मिश्रा, उमाशंकर मिश्रा, राज किशोर पाल व मुक्तेश्वर मिश्रा शामिल हैं।

**12 फरवरी को सुनाई जाएगी सजा :** चारों के खिलाफ अब 12 फरवरी को सजा के बिंदु पर सुनवाई होगी। हालांकि एक अन्य आरोपित किशुन मिश्रा के खिलाफ ट्रायल पूरी नहीं हो सकी है। उसके मामले बाद




में फैसला आयेगा। इस मामले में अभियोजन की ओर से आठ और बचाव पक्ष की ओर से 11 लोगों की गवाही कराई गई थी। पीपी नागेश्वर दूबे, अधिवक्ता मानिक कुमार सिंह और नागेंद्र सिंह ने सुनवाई में भाग लिया। पीपी नागेश्वर दूबे ने बताया कि कोर्ट ने 302/34 व आर्म्स एक्ट के मामले में चारों आरोपितों को दोषी ठहराया है। इसे लेकर चार आरोपितों को कोर्ट लाया गया था। जबकि ब्रजेश मिश्रा की वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेशी की गयी। इस मामले में अब 12 फरवरी को सजा की बिंदु पर सुनवाई होगी। इधर, इस मामले में फैसले को लेकर शनिवार को कोर्ट में गहमागहमी बनी रही।

**खेत से लौटने के दौरान मारी गई थी गोली :** बताते चलें कि 28 सितंबर 2018 की सुबह करनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा गांव में कमल किशोर मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। हमलावरों की ओर से की गयी अंधाधुंध फायरिंग में खेत से लौट रहे कमल किशोर मिश्रा की गोली लगने से मौके पर ही मौत हो गयी थी। फायरिंग में सोनवर्षा गांव निवासी समर नाथ मिश्रा नामक एक अन्य व्यक्ति को भी गोली लगी थी। उस मामले को लेकर कमल किशोर मिश्रा के पिता श्रीमन नारायण मिश्रा के बयान पर गांव के ही ब्रजेश मिश्रा, किशुन मिश्रा, उमा शंकर मिश्रा, मुक्तेश्वर मिश्रा और राज किशोर पाल के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। अनुसंधान के बाद पुलिस द्वारा पांचों आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गयी थी।

**भाजपा नेता की हत्या में गवाही देने पर की गयी थी कमल किशोर की हत्या :** सनद हो कि 12 फरवरी 2016 की देर शाम शाहपुर के कारनामेपुर ओपी क्षेत्र के सोनवर्षा बाजार में शादी समारोह में भाग लेने के बाद लौट रहे भाजपा के तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष विशेश्वर ओझा की गोलियों से भून दिया गया था। उस मामले में सोनवर्षा गांव निवासी ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा सहित अन्य लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। कमल किशोर मिश्रा भाजपा नेता की हत्या के मुख्य और चश्मदीद गवाह थे। कमल किशोर मिश्रा के परिजनों के अनुसार ब्रजेश मिश्रा और हरेश मिश्रा द्वारा गवाही नहीं देने का दबाव दिया जा रहा था। उसके बावजूद कमल किशोर मिश्रा की ओर से गवाही दी गयी थी। उसके प्रतिशोध में 28 सितंबर की सुबह खेत से लौट रहे कमल किशोर मिश्रा को रास्ते में घेर कर गोलियों से भून दिया गया था। फरार रहने पर ब्रजेश, किशुन और उमा शंकर मिश्रा के खिलाफ घोषित किया गया था पचास हजार का इनाम गवाह कमल किशोर मिश्रा की हत्या में सोनवर्षा गांव निवासी ब्रजेश मिश्रा, हरेश मिश्रा, उमा शंकर मिश्रा, राज किशोर पाल और मुक्तेश्वर मिश्रा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उस मामले में मुक्तेश्वर मिश्रा, राज किशोर पाल और उमा शंकर मिश्रा को कुछ दिनों के बाद गिरफ्तार कर लिया गया थे। हालांकि ब्रजेश मिश्रा और किशुन मिश्रा पकड़ में नहीं आ रहे थे। उसे देखते हुए पुलिस की ओर से पूर्व में ब्रजेश मिश्रा और किशुन मिश्रा के खिलाफ 50-50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 13 अक्टूबर 2018 को ब्रजेश मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया था।पैरोल पर आने के बाद उमाशंकर मिश्रा भी फरार हो गया था।

## एक नजर

### जहानाबाद में ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत

**जहानाबाद।** जहानाबाद गया पटना रेल खंड पर दरधा पुल के समीप ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, इस घटना की सूचना रेल थाने के पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंचकर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया, मृतक की पहचान मोहम्मद इशु जो नगर थाना क्षेत्र के बिशुनगज मोहल्ले का निवासी बताया जाता है। मृतक के पिता खुर्शीद आलम ने बताया कि मेरे बेटा को कुछ लोगों द्वारा शुक्रवार के शाम घर से बुलाकर ले गया जब देर रात तक नहीं लौटा तो हम लोग काफी खोजबीन करने लगे। जिस व्यक्ति के द्वारा बुलाकर ले गया था उसके पास हम लोग फोन भी किया लेकिन संतोषजनक उत्तर हम लोगों को नहीं दिया, तभी से हम लोगों को अनहोनी की आशंका सताने लगी। शनिवार को सुबह हम लोगों को खबर मिली की रेलवे ट्रैक के किनारे मेरा बेटा का शव पड़ा हुआ है जब घटना स्थल पर गए तो देखा कि मेरा बेटा की हत्या कर दी गई है।

### शॉर्ट सर्किट के कारण होटल में लगी आग

**जहानाबाद।** जहानाबाद पटना गया एनएच 83 पर स्थित शिव शंकर सिनेमा हॉल के समीप शॉर्ट सर्किट लगने के कारण श्रीराम होटल में अचानक आग लग गई। जिसके कारण लाखों रुपए की संपत्ति जलकर खाक हो गया। इस घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दिया गया घटनास्थल पर फायर ब्रिगेड का टीम पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया आसपास के लोगों का बताना है कि शुक्रवार की रात्रि को अचानक होटल से धुआं निकलने लगा तभी इस बात की सूचना होटल मालिक को दिया गया जब मौके पर पहुंचा तो देखा कि होटल से आग कि लपेट निकल रही है। तभी इसकी सूचना नगर थाने के पुलिस को दिया गया मौके पर पुलिस प्रशासन पहुंचकर आग पर काबू पाया है। होटल संचालक द्वारा बताया गया कि सही रूप से नुकसान का आकलन नहीं किया गया है। लेकिन लगभग लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है उन्होंने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है जिसके कारण यह घटना घटी है।

### अंचल कार्यालय ने मृत एचएम का पारिवारिक प्रमाण पत्र किया रद्द

**औरंगाबाद।** देवकुंड निवासी प्रधानाध्यापक संकर चौधरी की मौत के बाद उनके पारवारिक सूची में संकर चौधरी की दो पत्नी का नाम दर्ज होते ही। उनके परिवार में खलबली मच गई थी। जिसके बाद पत्नी सिताबी देवी ने अंचल कार्यालय में आपत्ति ब्यक्त करते हुए बताया था कि स्व संकर चौधरी की पत्नी मैं सिताबी देवी हूं। आधार कार्ड में पति शंकर चौधरी का नाम अंकित है,सर्विस बुक से लेकर बैंक एकाउंट तक मैं उनकी पत्नी के रूप में नौमनी हूं तो दूसरी पत्नी का नाम सेम्पुल देवी का नाम अंकित कैसे हो गया। जिसके बाद सीओ मुकेश कुमार ने इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए निर्गत पारिवारिक प्रमाण पत्र को रद्द कर दिया है।

### ट्रैक्टर की चपेट में आकर किशोर की मौत

**औरंगाबाद।** नवीनगर स्टेशन रोड स्थित बस स्टैंड के समीप शनिवार की दोपहर ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक 17 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान नवीनगर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 11 स्थित बसन बिगहा गांव निवासी धर्मेंद्र यादव के पुत्र अवनीश कुमार उर्फ चंदन के रूप में हुई है। इस घटना में चंदन का मौसेरा साला बारुण थाना क्षेत्र के जोगिया गांव निवासी कामता कुमार घायल हो गया। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि चंदन अपने मौसेरा साला जोगिया गांव निवासी कामता के साथ महीप बिगहा गांव बहन के घर जा रहा था, जैसे ही बस स्टैंड के समीप पहुंचा कि तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद दिया, जिससे घटनास्थल पर ही अवनीश की मौत हो गई और कामता घायल हो गया। घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल नवीनगर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अवनीश को मृत घोषित कर दिया और कामता का उपचार किया गया। घटना के बाद परिजनों की चीत्कार से अस्पताल परिसर गूंज उठा।

## नाबालिग से गैंगरेप के खिलाफ आरा में सड़क जाम, गिरफ्तारी की मांग

**केटी न्यूज/आरा**

गीधा ओपी क्षेत्र में नौवीं की छात्रा से गैंगरेप के दो दिन बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं होने पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। गुस्साए लोग और लोजपा कार्यकर्ता शनिवार को सड़क पर उतर गये। आक्रोशित लोगों द्वारा सदर अस्पताल के गेट के समीप रोड जाम कर जमकर हंगामा किया गया। इससे काफी देर तक अफरातफरी मची रही। आक्रोशित लोग पुलिस पर मामले को दबाने का प्रयास करने का आरोप लगा रहे थे। लोगों का कहना था कि वरीय पुलिस अफसर पीड़िता पर बयान बदलने का दबाव दे रहे थे। आरोपितों की गिरफ्तारी भी नहीं की जा रही है। इस कारण अस्पताल रोड में करीब घंटे



भर से अधिक समय तक आवागमन बाधित रहा। सूचना मिलने पर सदर एसडीओपी परिचय कुमार व नगर थानाध्यक्ष संजीव कुमार मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास शुरू किया। बाद में एसडीपीओ के आश्वासन पर सड़क जाम कर रहे लोगों का गुस्सा शांत हो सका और आवागमन बहाल किया जा सका। एसडीपीओ ने कहा कि दुष्कर्म के मामले में प्राथमिक दर्ज कर ली गयी है। अनुसंधान की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट सहित सभी साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। इस मामले को लेकर एफएसएल की टीम भी जांच के लिए बुलायी गई थी। पीड़िता को 164 का बयान कराने के लिए ले जा रहा है, ताकि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो सके। आरोपितों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। बता दें कि गीधा ओपी क्षेत्र एक गांव में गुरुवार की रात नौवीं के को घर से जबरन उठा कर ले जाया गया था। बाद में वह घर से कुछ दूरी पर बेहोशी की हालत में मिली थी। छात्रा के परिजनों की ओर से छह लड़कों पर उसके साथ गैंगरेप करने का आरोप लगाया गया है। उसे लेकर प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी को छापेमारी भी कर रही है।

## भोजपुर में नालंदा के ट्रक चालक को गोली मार 10 हजार रुपए लूटे

**केटी न्यूज/आरा**

आरा-छपरा फोरलेन पर कोईलवर थाना क्षेत्र के हरिपुर पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार की रात अपराधियों ने लूटपाट का विरोध करने पर नालंदा एक ट्रक चालक को गोली मार दी। अपराधियों ने चालक से दस हजार रुपए भी लूट लिया। गोली चालक के दाहिने साइड कंधे और गर्दन के बीच सीने के पास लगी है। जख्मी चालक नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र के सिनामा गांव निवासी राम नंदन प्रसाद का 26 वर्षीय पुत्र विक्की कुमार है। उसका इलाज शहर के महावीर टोला स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। डाक्टर आशीष कुमार की ओर से ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गयी है। सूचना मिलने पर कोईलवर थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन की। चालक विक्की कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर रात वह पटना जिला के महाबलीपुरम बालूघाट से ट्रक पर बालू लोड कर मोतिहारी जा रहा था। उस बीच हरिपुर पेट्रोल पंप के दस की संख्या में अपराधी वहां आ गए और ट्रक का गेट खोलवाने लगे। तब डर के कारण उसने पांच सौ रुपए दे दिया, लेकिन अपराधी नहीं माने और डंडे से मारपीट करने लगे। उस दौरान दस हजार रुपए भी छीन लिया।

## विधि विवाद किशोरों का डाटा बेस किया जा रहा है तैयार : डालसा सचिव



**केटी न्यूज/औरंगबाद**

विधि विवादित किशोरों की पहचान करने और कानूनी सहायता प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय अभियान के तहत पैनल अधिवक्ता की टीम द्वारा डाटा एकत्रित किया जा रहा है। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम मौजूद रहे। इस अवसर पर कारा अधीक्षक सुजीत कुमार झा उपस्थित रहें। सचिव द्वारा विधि विवादित किशोरों की पहचान करने तथा उनसे संबंधित उम्र के सत्यापन हेतु काराधीक्षक को निदेशीत किया कि जिन विधि विवादित किशोरों की प्रथम स्तर पर पहचान करते हुए डाटा तैयार की गयी है। उम्र के सत्यापन के लिए उनके माता-पिता या अभिभावक से संपर्क स्थापित करते हुए कागजी दस्तावेज की मांग तत्काल की जाए। जिससे कि उनके दावे को कानूनी स्तर से सहायता पहुंचाने में कारगर सिद्ध हो सके। विदित है कि नालसा के निर्देशनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर जेलों में बंद विधि विवादित किशोरों की पहचान करने और उन्हें विधिक सहायता उपलब्ध कराने हेतु अखिल भारतीय अभियान शुरू किया गया है।






# इंटर के परीक्षार्थी को अगवा कर बेरहमी से पीटा, पुलिस ने बचाई जान

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में पुराने विवाद में शनिवार की शाम इंटरमीडिएट के एक परीक्षार्थी को स्टेशन के पास से अगवा कर बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस ने कुरैशी मोहल्ले में छापेमारी कर उक्त युवक को आरोपितों के चंगुल से छुड़ा इलाज के लिए डुमरांव अनुमंडलीय अस्पतताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसके गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई थी। जख्मी की पहचान नया भोजपुर पूरब मोहल्ला के पूर्णमासी यादव के पुत्र युवराज के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले नया भोजपुर गांव में क्रिकेट मैच के दौरान हुए विवाद में युवराज तथा कुछ अन्य लड़कों ने मिलकर आरोपित पक्ष के एक युवक की पिटाई कर दी थी। युवराज उस घटना का मुख्य आरोपी है। इधर वह इंटरमीडिएट की परीक्षा देने बक्सर जा रहा था। शनिवार को परीक्षा देकर आने के दौरान नया भोजपुर कुरैशी मोहल्ला के युवकों ने उसे अगवा कर अपने मोहल्ले में ले गए तथा बंधक बना उसकी पिटाई करने लगे। परिजनों को किसी तरह इसकी भनक लगी तो वे स्थानीय पुलिस को सूचना दिए। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल हरकत में आई तथा मौके पर पहुंच उसे उनलोगों के चंगुल से छुड़ाया। इस घटना के बाद गांव में गुटीय तनाव व्याप्त है। वही इस मामले में अभी तक पीड़ित पक्ष ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है। नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। अभी तक परिजनों ने एफआईआर दर्ज नहीं कराया है।

## सुघर डेरा से चार मवेशी चुरा ले गए चोर, विरोध में पशुपालकों ने किया एनएच 120 जाम

डुमरांव। अनुमंडल इलाके में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। बीती रात चोरों ने कोरानसराय थाना क्षेत्र के सुघर डेरा गांव से दो पशुपालकों के चार भैंस की चोरी कर ली है। इस घटना की जानकारी मिलते ही पशुपालकों में आक्रोश गहरा गया तथा शुक्रवार के अहले तीन बजे ग्रामीणों ने करीब एक घंटा तक सुघर डेरा के पास एनएच 120 का जाम कर दिया था। बाद में पुलिस के समझाने पर जाम हटाया। जानकारी के अनुसार गुरूवार की रात अज्ञात चोरों ने सुघर डेरा में सड़क किनारे बांधी गई गुड्डु सिंह पिता पारस यादव व जयराम यादव की दो-दो भैसों समेत कुल चार भैंसों को चुरा लिए। ग्रामीणों की मानें तो चोर पिकअप से मवेशी चुराने आए थे। वहां पिकअप के चक्के के निशान मिले है। रात करीब एक बजे गुड्डु के पिता पारस की नींद खुली तथा वे पेशाब करने बाहर आए तो देखा कि उनकी दोनों भैंस गायब है। वे शोरगुल मचा भैंस खोजने लगे। इसी दौरान जयराम ने भी बताया कि उनकी भी दो भैंस गायब है, जिसके बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। रात में ही इस घटना क सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पशुपालकों के साथ मझवारी पशु मेला के अलावे चौसा, ब्रह्मपुर, रानीसागर आदि संभावित जगहो पर जांकर तलाशी ली, लेकिन कही भी चोरी गए मवेशियों का सुराग नहीं मिला। वहीं इस घटना के बाद से पशुपालक अपने स्तर से भी पड़ताल कर रहे हैं।

## एक नजर

### वीर गाथा 3.0 में चयनित व रक्षा मंत्रालय से पुरस्कृत 11वीं कक्षा की छात्रा सम्मानित



**चौगाई।** प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय ओझा बरांव में शनिवार को एक समारोह आयोजित कर सेवानिवृत शिक्षक हरिद्वार राम को भावभीनी विदाई दी गई। वहीं वीर गाथा 3.0 में देशभर के एक करोड़ 35 लाख प्रतिभागियों के बीच सुपर हंड्रेड में चयनित तथा भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय से पुरस्कृत विद्यालय के 11वीं कक्षा की छात्रा सौम्या निधि को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक धीरज कुमार ने व संचालक वरीय शिक्षक उपेन्द्र पांडेय ने किया। इस दौरान सेवानिवृत शिक्षक को अंग वस्त्र, फूल-माला व बुके देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें कुशल शिक्षक बताया। वक्ताओं ने कहा कि वे अपने सेवाकाल में खुद काफी अनुशासित रहे थे तथा छात्रों को भी अनुशासन का पाठ पढ़ाते थे। वे हमेश समय से विद्यालय आते थे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि विद्यालय परिवार को हमेशा उनकी कमी खलते रहेगी। वही वक्ताओं ने कहा कि वे छात्रों के बीच काफी लोकप्रिय रहे। वही इस दौरान विद्यालय के वर्ग 11 वी की छात्रा सौम्या निधि को भी सम्मानित किया गया। जिसने वीरगाथा 3.0 में देशभर के एक करोड़ 35 लाख प्रतिभागियों के बीच सुपर हंडेज्ड में जगह बनाई। प्रधानाध्यापक धीरज कुमार समेत सभी शिक्षकों ने उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। शिक्षकों ने कहा कि सौम्या ने पूरे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। उसकी सफलता ने अन्य छात्रों को भी प्रेरित किया है। मौके पर शिक्षक विजय प्रताप सिंह, शिवाजी सिंह, सतीश सिंह, रमेश सिंह, संजीव कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, शशि भूषण सिंह, दीपक कुमार मिश्र, शिक्षिका किरण कुमारी, स्वीटी कुमारी, अरुणा कुमारी, परमेश्वरी ओझा, जितेंद्र कुमार सिंह समेत कई अन्य शिक्षक व गणमान्य उपस्थित थे।

### नहीं रहे बक्सर भाजपा के वरिष्ठ नेता अजय चौबे, ब्रेन हैमरेज से हुई मौत, शोक की लहर



**बक्सर।** बक्सर भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी गठन के बाद पहली व दूसरी बार बक्सर विधान सभा के उम्मीद्वार रहें 67 वर्षीय अजय चौबे का निधन हो गया है। उनका निधन शनिवार को ब्रेन हैमरेज के कारण हो गया है। बक्सर सोहनी पट्टी निवासी अजय चौबे की गिनती एक जुझारू नेता के रूप में होती थी। वे भाजपा के साथ ही लंबे समय तक मजदूर यूनियन से भी जुड़े थे तथा मजदूरों की आवाज बनकर उभरे थे। बताया जाता है कि शनिवार को सुबह उनका ब्रेन हैमरेज हो गया। जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए पहले बक्सर के एक निजी अस्पताल में गए, वहां से रेफर होने के बाद परिजन उन्हें लेकर पटना जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उनका निधन हो गया। वे लंबे समय तक सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहे तथा भाजपा की स्थापना के बाद पहली बार भाजपा के सिंबल पर वर्ष 1990 तथा दूसरी बार 1995 में बक्सर विधान सभा से प्रत्याशी बनाए गए थे। बक्सर के चरित्रवन में उनका अंतिम संस्कार किया गया। शोक जताने वालों में भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी, डा. राजेश सिन्हा, निर्भय राय, डुमरांव नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा, ग्रार्मीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार उर्फ बब्लू पाठक, दीपक यादव, शक्ति राय, संटू मित्रा समेत अन्य शामिल रहे।

## खबरें फटाफट

### चोरी से बिजली जलाते आटा चक्की संचालक पकड़ाया

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड के बुढैला गांव में चोरी से बिजली उपयोग करते एक आटा चक्की संचालक को एसडीओ राकेश कुमार दुबे ने पकड़ा है। इसको लेकर शनिवार को एसडीओ ने मील संचालक चन्द्रमणी सिंह पर जुमार्ना की राशि निर्धारित कर नावानगर थाना में प्राथमिक दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए बिजली कंपनी के एसडीओ राकेश कुमार दुबे ने बताया कि गुप्त सूचना पर उक्त गांव के आटा चक्की मील पर जेई विपिन किशोर एवं मानव बल के साथ छापेमारी की गई। छापेमारी में टोका फंसाकर आटा चक्की मील संचालन करते पकड़ा गया है।

### आपसी विवाद में मारपीट, केस दर्ज

**नावानगर।** सिकरौल थाना के भदार गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पड़ोसियों में जमकर मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। इस मारपीट में दोनों पक्ष से लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। जख्मियों में मंगल कुमार , राजेश कुमार समेत अन्य है। जिनका इलाज नावानगर सीएचसी में कराया गया।

## धनसोई थाना क्षेत्र के करमा गांव में हेमा कुमारी के घर हुई थी भीषण डकैती

# करमा डकैती मामले का पुलिस ने किया खुलासा, सात गिरफ्तार, आभूषण बरामद

- एक पखवाड़ा के अंदर मामले का खुलासा होने की एसपी मनीष कुमार ने दी जानकारी, रोहतास के रहने वाले हैं सभी आरोपी, गिरफ्तार आरोपितो में एक महिला भी शामिल
- पूरे गिरोह को पकड़ने में सफल हुई पुलिस, कई मामलों का हुआ खुलासा

**केटी न्यूज/बक्सर**

### आरोपितों ने दिनारा व धनसोई और इटाढ़ी में भी की थी चोरी



19 जनवरी की रात धनसोई थाना क्षेत्र के करमा गांव के हेमा कुमारी पति शेषमुनी कुमार के घर हुई भीषण डकैती मामले का उद्भेदन पुलिस ने कर लिया है। घटना में शामिल छह डकैतों तथा चोरी के आभूषण खपाने वाले एक आभूषण दुकानदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपितो में एक महिला भी शामिल है। वहीं पुलिस ने हेमा के घर से डकैतो द्वारा जबरन ले गए आभूषण भी बरामद हो गए है। जबकि आरोपितों ने इसके अलावे दिनारा व धनसोई थाना क्षेत्र में आभूषण दुकान में चोरी तथा इटाढ़ी थाना क्षेत्र के एक घर में चोरी करने की बात स्वीकारी है। पुलिस उनके निशानदेही पर कई मामलों को सुलझाने का दावा कर रही है। शनिवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 19 जनवरी की रात करमा गांव के हेमा देवी के घर हरवे हथियार के साथ डकैत घर में प्रवेश कर गए तथा उनके घर से आभूषण समेत अन्य कीमती सामान उठा ले गए, विरोध करने पर गृहस्वामी तथा उसकी मां की पिटाई भी की गई। 20 जनवरी को इस मामले में पीड़िता हेमा ने धनसोई थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराई थी। जिसके बाद एसपी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच टीम गठित की। जिसका नेतृत्व सदर डीएसपी धीरज कुमार कर रहे थे। इस टीम को शुक्रवार को ही इस घटना में शामिल अपराधियों के राजपुर थाना क्षेत्र के छितन डिहरा गांव के पास छिपे होने की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल वहां छापेमारी कर सभी को एक साथ गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि टीम में सदर डीएसपी के अलावे प्रशिक्षु डीएसपी अनिशा राना, डीआईयू प्रभारी युसुफ अंसारी, धनसोई थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह, इटाढ़ी थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय, धनसोई थाने के पुलिस अवर निरीक्षक चंचल कुमार समेत सशस्त्र बल व डीआईयू टीम शामिल थी।

### गिरफ्तार आरोपितों में एक आभूषण दुकानकार भी

गिरफ्तार डकैतों में रोहतास के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के कौड़ाडीह गांव के पिंटू खरवार पिता वोसिल खरवार, उसकी मां मंजू देवी, ढीबरा बिक्रमगंज के सुखारी खरवार व सत्या खरवार दोनो पिता भदौल खरवार, अकोढ़ीगोला विदेशी टोला के नीतीश कुमार पिता प्रेमचंद राम व गोलू खरवार पिता रामप्रवेश खरवार तथा कंडाडीह टोला घुसिया कला के आभूषण दुकानदार संटू कुमार कुमार पिता रामजनम सेठ शामिल हैं। इनके पास से चांदी का चार सेट पायल, 20 बिछिया, हाथ का चार कंगन, चांदी की दो अंगूठी, दो लॉकेट, एक जीतिया, सात साड़ी, तीन शर्ट समेत चोरी व दीवाल तथा आलमीरा तोड़ने के काम आने वाले लोहे के कई उपकरण बरामद हुए हैं।

**क्या कहते है एसपी:** करमा गांव में 19 जनवरी को हुए भीषण डकैती मामले का उद्भेदन कर लिया गया है। छह डकैत तथा चोरी का माल खपाने वाले एक आभूषण दुकानदार समेत कुल सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी के आभूषण भी बरामद हुए है। गिरफ्तार अभियुक्तों ने कई अन्य कांडो में भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी है। **– मनीष कुमार, एसपी, बक्सर**

## कालाजार प्रभावित इलाके में डोर टू डोर होगी संदिग्ध मरीजों की खोज

**केटी न्यूज/बक्सर**

कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में कालाजार के नए रोगियों की खोज शुरू हो गई है। जिसके तहत आशा कार्यकताएं कालाजार प्रभावित गांवों में घर-घर जाकर सर्वे कर रही है। इस दौरान कालाजार के लक्षण वाले मरीजों को चिह्नित करते हुए उन्हें जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल रेफर किया जायेगा। वहीं, डोर टू डोर सर्वे के दौरान उन मरीजों की भी जांच की जायेगी जो पूर्व में कालाजार की बीमारी से ग्रसित रहे हो, क्योंकि कई मामलों में कालाजार के मरीजों के दोबारा से इस बीमारी से ग्रसित होने की संभावना रहती है।

हालांकि, कालाजार उन्मूलन कार्यक्रम के तहत विभाग की ओर से प्रभावित गांवों में साल में दो बार छिड़काव कराया जाता है। लेकिन उसके पूर्व कालाजार मरीजों के लिए खोजी अभियान चलाया जाता है। ताकि, संदिग्ध मरीजों की खोज कर उनका इलाज किया जा सके। इससे किसी भी स्तर पर चूक नहीं होगी। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह डीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, 2021 से लेकर 2023 तक प्रभावित गांवों में मिले कालाजार के नए मरीजों के आधार पर यह खोजी अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही, कालाजार के पूर्व मरीजों की भी जांच की जायेगी। उन्होंने बताया कि कालाजार और पीकेडीएल के लक्षणों की पहचान की जानकारी दी गई है। इस बीमारी में दो हफ्तों से ज्यादा बुखार रहता है। उन्होंने बताया कि कालाजार के संदिग्ध रोगी की खोज कर ससमय जांच एवं उपचार करवाना जरूरी है।

सदर बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान में कालाजार के छुपे हुए मरीजों को चिह्नित किया जायेगा। ताकि, उनका समय से इलाज शुरू किया जा सके। उन्होंने बताया कि 15 दिनों से अधिक समय तक बुखार का होना भूख की कमी, पेट का आकार बड़ा होना कालाजार के लक्षण हो सकते हैं।

## सौरभ तिवारी बने नेहरू युवा केंद्र के जिला सलाहकार समिति सदस्य

**बक्सर।** बक्सर के छात्र नेता तथा वर्तमान में भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सौरभ तिवारी को नेहरू युवा केन्द्र बक्सर के सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। उनका मनोनयन केंद्रीय युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा किया गया है। इसकी सूचना पत्र के माध्यम से नेहरू युवा केन्द्र के महानिदेशक नितेश कुमार मिश्र ने दी। सौरभ ने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से जिले भर में आयोजित युवा कार्यक्रम अब एक नए कलेवर में दिखेगा। भारत सरकार युवाओ के विकास के लिये नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से हजारों मानसिक, शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रम करवाती है। जिसका लाभ समाज के अंतिम वर्ग के युवाओं तक ले जाने का प्रयास होगा। बधाई देने वालों में भाजयुमो के प्रांतीय नेता दीपक यादव, शक्ति राय, जिला प्रवक्ता गोल्डेन पांडेय, संटू मित्रा, राहुल दूबे, नीरज सिंह समेत दर्जनों अन्य युवा शामिल रहे।

## स्वच्छताकर्मी का निधन, पांच महीने से नहीं मिला था मानदेय

**केटी न्यूज/केसठ**

प्रखंड के जयरामपुर गांव निवासी स्वच्छता कर्मी वीरेंद्र पासवान का शुक्रवार की देर शाम असामयिक निधन हो गया। जिससे क्षेत्र के स्वच्छता कर्मियों में शोक की लहर दौड़ गई, वही परिवार में कोहराम मच गया। स्वच्छता कर्मी रामपुर स्थित कचरा प्रसंस्करण इकाई केंद्र से जुड़ा था तथा इस पंचायतत में डोर टू डोर कचरा उठाव का काम नियमित रूप से करता था।

बताया जाता है कि शुक्रवार को अचानक उसका तबीयत खराब हो गया, परिजन इलाज कराने को लेकर अस्पताल ले जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ही उनका निधन हो गया। मृतक बीरेंद्र अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ व्यक्ति था। वह कचरा प्रसंस्करण इकाई केंद्र पर काम कर परिवार का भरण-पोषण करता था। शव घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी सुमन देवी का रो रोकर बुरा हाल है। पत्नी रह रह कर बेहोश हो जा रही थी। जिसे आसपास के महिलाओं ने ढांढस बंधाकर संभाल रही थी। उधर बच्चे भी अपने सर से पिता का साया उठ जाने के कारण चित्कार मार कर रो रहे थे। जिससे सबकी आंखें नम हो जा रही थी। वही स्वच्छता पर्यवेक्षक अयोध्या पासवान ने बताया कि विगत पांच माह से स्वच्छता कर्मी का मानदेय नहीं मिला था। जिसके कारण आर्थिक स्थिति से परिवार जूझ रहा था। उसकी मौत से स्वच्छता कर्मियों में आक्रोश व्याप्त है।


स्वच्छता कर्मियों ने जयरामपुर में अपने साथी के असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट मौन रहकर ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर सरपंच विष्णुदेव पासवान ने पहुंचकर परिजनों को ढांढ़स बंधाया। उन्होंने प्रशासन से मुआवजा देने को लेकर मांग किया है।




## शिक्षकों का आरोप...पदस्थापन में टालमटोल रवैया अपना रहा शिक्षा विभाग

# डीईओ के पदस्थापन के आश्वासन के बाद शिक्षकों ने रोका प्रदर्शन

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार की देर रात डीईओ के आश्वासन के बाद जिले में पदस्थापन को लेकर हंगामा कर रहे शिक्षकों का प्रदर्शन समाप्त हुआ। ज्ञात हो कि पदस्थापना के लिए लिए नेहरू स्मारक उच्च विद्यालय परिसर स्थित डीईओ कार्यालय में पदस्थापना करने की मांग को लेकर पहुंचे शिक्षक उस समय आक्रोशित हो उठे जब डीईओ ने नहीं करने की बात कह दी। जिसके बाद देर रात तक शिक्षकों ने डीईओ के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद आक्रोशित शिक्षकों ने पदस्थापना होने तक कार्यालय में जमे रहने एवं तालाबंदी करने की आवाज बुलंद की। काफी हंगामा होने के बाद डीईओ ने देर रात शिक्षकों से बात करते हुए सोमवार तक करने की सहमति जताई। जिसके बाद आक्रोसित शिक्षकों का आक्रोश शांत हो गया। जानकारी के अनुसार बीएससी 1999 बैच के उत्तीर्ण 48 शिक्षकों को दो माह पहले ही 9 नवंबर 2023 को स्नातक ग्रेड में प्रोन्नति शिक्षा विभाग स्थापना द्वारा दे दी गई है। शिक्षकों ने विभागीय निर्देशानुसार विद्यालय पदस्थापन हेतु अपना-अपना अधीक्षक फॉर्म भी भर कर कार्यालय को जमा कर दिया है, लेकिन दो माह हो गए अभी तक इनका पदस्थापन नहीं किया गया है। शिक्षकों का कहना है कि पदस्थापन में विभाग टालमटोल का रवैया अपना रहा है। खास तौर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा ही टाल मटोल किया जा रहा है। जिसके कारण अभी तक पदस्थापन नहीं हो सका है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पदस्थापन फाइल को कभी डीपीओ तो कभी डीईओ के पास भेजा जा रहा है। पदस्थापन के लिए इसी टालमटोल रवैया को लेकर सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय में स्थित डीईओ कार्यालय में देर रात तक डटे रहे। शिक्षकों का कहना है कि एक साल पहले ही जूनियर शिक्षकों को मनमाने ढंग से प्रोन्नति एवं पदस्थापन कर दिया गया है। सीनियर शिक्षक अभी दौड़ लगा रहे हैं। देर रात शिक्षकों से डीईओ ने वार्ता कर सोमवार को पदस्थापन का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन करने वाले आक्रोसित शिक्षक नेताओं में यतेन्द्र कुमार चौबे, डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, संजीव तिवारी, राम विलास, विष्णु जी सिंह, जुगल किशोर चौबे, अजीत कुमार, राजीव कुमार, लियाकत अली, पंकज कुमार, सुशील कुमार श्रीवास्तव, दीलीप सिंह शामिल रहे।



# पहले नहीं थी पक्की सड़क, अब घूमने आते हैं पर्यटक : मस्त

**♦ सांसद आदर्श गांव में रूप रेखा बदलने के लिए किया गया हर संभव प्रयास**

**केटी न्यूज/बलिया**

बात सांसद आदर्श गांव सरयां की, जहां अन्य गांव की तरह पहले तमाम सुविधाएं मयस्सर नहीं थी। पर वहां के प्रधान की इच्छाशक्ति और सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त के प्रयास ने पूरे गांव को एक नजीर बना दिया है। सांसद आदर्श गांव घोषित होने के बाद इस गांव में जो रचनात्मक कार्य हुए, उसे देखने के लिए दूर–दूर से पर्यटक अब आते हैं।आपकी जानकारी के लिए बता दें कि वर्ष 2019-20 में सांसद ने सरया गांव को गोद लिया था। इसके पहले तक इस गांव में कोई सामुदायिक भवन नहीं था। गांव तक जाने के लिये पक्की सड़क नहीं थी । युवाओं के शारीरिक, मानसिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक विकास के लिये कोई केंद्र या मंच नहीं था । ऐसे समय में सांसद जी के लिये इस गांव के भौतिक और सामाजिक स्वरुप में बदलाव लाना किसी चुनौती से कम न था । ग्रामीण कहते हैं आज जब हम अपने गांव को देखते हैं और पांच साल पहले की स्थिति से तुलना करते हैं तो यकीन नहीं होता कि इतना सब कुछ बदल चुका है। 2020 में सांसद



पंचायत भवन के लोकार्पण के लिये सरया आये। पंचायत भवन निर्माण बेहतर ढंग से कराने के लिये प्रधान विनोद सिंह को बधाई दिए। सबसे अधिक इस बात से प्रभावित हुए कि सरया गांव के ग्रामवासियों ने बेहतर पंचायत भवन निर्माण के लिए अपनी ओर से आर्थिक सहयोग किया था। आज भी शिलापट्ट पर उनका नाम पढ़ा जा सकता है। सांसद जी ने पूछा था कि विनोद आखिर वो कौन सी प्रेरणा थी कि पंचायत भवन निर्माण के लिये ग्रामिणों ने सहयोग किया, प्रधान विनोद सिंह ने बताया था कि शादी विवाह और अन्य ग्राम स्तरीय सांस्कृतिक आयोजनों के लिये गांव में कोई भवन नहीं था। जब ये भवन बनने लगा तो ग्रामीणों ने बेहतर ढंग से बनाने के लिये अपनी ओर से सहयोग किया। सांसद ने उसी समय अपनी निधि से सामुदायिक भवन निर्माण कराने के लिये 25 लाख रुपये देने की घोषणा की और ग्रामिणों का आह्वान किया कि आपके सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सवों के लिये आपको कहीं भटकना नहीं पड़ेगा।आज सामुदायिक भवन बनकर तैयार है। परिसर में किसी भी बड़े आयोजन के लिये मंच बन चुका है । सौर उर्जा से संचालित आरओ सिस्टम लगा है। युवाओं के लिये ओपेन जिम की व्यवस्था है। पंचायत भवन के एक कक्ष में पुस्तकालय का संचालन होता है। सब कुछ सांसद जी के सौजन्य से हुआ है। गांव के किसान सांसद जी की प्राथमिकता में रहे हैं। स्टेट ट्यूबवेल लगवाकर उन्होंने किसानों को अमूल्य उपहार दिया। सामुदायिक भवन के लोकार्पण के समय कुछ किसानों ने स्टेट ट्यूबवेल के पाइपलाइन विस्तार की मांग की। उन्होनें उसी समय एक और स्टेट ट्यूबवेल लगवाने की घोषणा की।

## एक नजर

### ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत




**गाजीपुर।** सड़क पर ब्रेकर आते ही ट्रैक्टर के इंजन से गिरे एक युवक की पहिए से कुचलकर मौत हो गई। घटना के बाद शव लेकर भाग रहे ट्रैक्टर को खानपुर पुलिस ने बहदिया गांव में घेरकर पकड़ लिया। बिहारीगंज-खानपुर सड़क के घोघवा चौराहे पर ब्रेकर से अनियंत्रित होकर उस पर सवार युवक नीचे गिर पड़ा। जिससे उसका सिर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान जौनपुर जिले के चंदवक थाना क्षेत्र के जमुनीबारी रसड़ा निवासी सुनील राजभर (30) पुत्र भोभल के रूप में हुई। मिली जानकारी के अनुसार सुनील अपने गांव के चार दोस्तों संग जौहरगंज स्थित श्मशान घाट से उमेश प्रजापति के दादी का दाह संस्कार कर घर लौट रहे थे। घोघवा के पास ट्रैक्टर ड्राइवर के साथ बैठे पांच लोगों में सुनील उर्फ तेली ब्रेकर पर अनियंत्रित ट्रैक्टर के उछाल से नीचे सड़क पर गिर पड़ा। सुनील के गिरते ही उसी ट्रैक्टर के पहिये से उसका सिर कुचल गया। घबराए बाकी दोस्तों ने शव को ट्रैक्टर पर लाद कर सड़क छोड़ गांव की पगडंडियों से चंदवक की ओर भागने लगे। हालांकि पुलिस ने पकड़ लिया। प्रभारी निरीक्षक बलवन्ता ने बताया कि ट्रैक्टर से लालजी प्रजापति, विजय बहादुर और संतोष को पकड़ लिया गया है।

### महाप्रबंधक ने स्टेशनों का किया निरीक्षण

**पीडीडीयू नगर।** पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा पटना-गया रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जट डुमरी, तारेगना एवं गया स्टेशनों का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम पटना-गया रेलखंड के मध्य निमार्णाधीन जट डुमरी जंक्शन का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके उपरांत उन्होंने तारेगना स्टेशन का निरीक्षण किया तथा अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत जारी तारेगना स्टेशन के पुनर्विकास कार्य का भी जायजा लिया । साथ ही उन्होंने तारेगना स्टेशन के निकट समपार संख्या 21बी/3टी पर निमार्णाधीन सड़क ऊपरी पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात महाप्रबंधक द्वारा जहानाबाद स्टेशन के पैनल रुम, सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, यात्री सुरक्षा/संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का निरीक्षण किया गया।

### आजमगढ़ कुश्ती टीम का होगा चयन

**मऊ।** जिला क्रीड़ा अधिकारी मुकेश कुमार सभरवाल ने बताया कि खेल निदेशालय उप्र लखनऊ के तत्वावधान में यूपी कुश्ती एसोसिएशन के समन्वय से प्रदेश स्तरीय जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 14 से 18 फरवरी 2024 तक जिला खेल कार्यालय देवरिया में किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु जूनियर बालिका कुश्ती प्रतियोगिता हेतु जिला खेल कार्यालय मऊ द्वारा जनपदीय चयन-ट्रायल्स आगामी दिनांक 12 फरवरी को डा भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम मऊ में होगा। उक्त चयन - ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले जूनियर बालिका कुश्ती खिलाड़ियों की जन्मतिथि आयुवर्ग 2003, 2004, 2005 जबकि 2006 में जन्में खिलाडी चिकित्सक अथवा माता-पिता के प्रमाण-पत्र के साथ भाग ले सकते है।

### बीएसए ने 59 प्रधानाध्यापक का रोका वेतन

**बलिया।** यू-डायस प्लस 2023-24 में स्टूडेन्ट माड्यूल के अन्तर्गत पोर्टल पर छात्र-छात्रा विवरण में कार्य प्रारम्भ न किये जाने वाले 59 प्रधानाध्यापक व प्रभारी प्रधानाध्यापकों का वेतन रामलीला मैदान के पास स्थित कार्यालय में बीएसए मनीष कुमार सिंह ने शनिवार की दोपहर अग्रिम आदेश तक अवरूद्ध कर दिया है। बीएसए मनीष कुमार सिंह ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश के आदेश 12 दिसम्बर 2023 के क्रम में यू-डायस प्लस 2023-24 की गतिविधियों को समयान्तर्गत पूर्ण किए जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी कार्यालय द्वारा 20 दिसम्बर को सभी विद्यालयों को नोटिस दिया गया था कि 28 दिसंबर तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए। बीएसए ने बताया कि यू-डायस प्लस की स्टूडेन्ट माड्यूल के अन्तर्गत पोर्टल पर छात्र–छात्रा विवरण प्रगति देखने पर एक फरवरी 2024 को यह संज्ञान में आया कि कुल 2248 बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत आने वाले परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय व कम्पोजिट विद्यालयों में 59 विद्यालयों की प्रगति 50 प्रतिशत से भी कम है।

## खबरें फटाफट

### विवाद में बेटे ने चाकू मारकर की पिता की हत्या

**मऊ।** जिले के दोहरीघाट थाना क्षेत्र के बड़की बारी गांव में शनिवार की दोपहर आपसी कहासुनी के दौरान एक बेटे ने अपने पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना को लेकर गांव में हड़कंप मचा है। घरवालों की चीख पुकार से पूरा मोहल्ला गमगीन हो गया है। दोहरीघाट एसओ कल्पना मिश्रा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त बड़कीबारी गांव निवासी जीता यादव (65) की उसके बेटे अभिषेक से शनिवार को किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर उसके बड़े बेटे अखिलेश ने चाकू से उस पर वार कर दिया। परिवार के लोग कुछ समझ पाते तबतक चाकू के कई वार से जीता यादव की मौके पर मौत हो गई। एसओ ने बताया कि तहरीर अभी मिली नहीं है, पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रामकृष्ण महिला इंटर कालेज में छात्राओं को जागरूक करती पुलिस।

### बालिकाओं को मिशन शक्ति की दी गई जानकारी

**चंदौली।** पुलिस अधीक्षक डा. अनिल कुमार के निर्देशन में शनिवार को थाना मुगलसराय चंदौली की शक्ति दीदी, महिला बीट आरक्षियों व एण्टी रोमियों टीम ने राम कृष्ण महिला विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मुगलसराय में चौपाल लगाया। इस दौरान बालिकाओं को मिशन शक्ति के सम्बन्ध में जागरूक किया। उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाए। साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं व महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वीमेन पॉवर लाइन, 181–महिला हेल्प लाइन, 108–एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098 चाइल्ड लाइ?, 102–स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही महिला सशक्तिकरण से संबंधित प्रदेश शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओं के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

### 72 शिकायतों में से 6 का हुआ तत्काल निस्तारण

**मऊ।** डीएम प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील सदर में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 72 शिकायतें आई, जिनमें से 6 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 5 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग के 42, पुलिस विभाग के 14 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थे। जन सुनवाई के दौरान डीएम ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।

## सरकारी आवास में पंखे से लटका मिला शव

# बदायूं कोर्ट की महिला जज ने लगायी फांसी

**केटी न्यूज/लखनऊ**

बदायूं के सिविल कोर्ट में तैनात महिला जज ज्योत्सन राय ने अपने सरकारी आवास में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर दी। शनिवार सुबह सरकारी आवास में महिला जज शव फंदे से लटका मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर डीएम-एसएसपी समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए। घटनास्थल पर छानबीन कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसके बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जज ज्योत्सना राय शनिवार सुबह अपने कोर्ट में नहीं पहुंची थी। साथी जजों ने उनके नंबर पर कॉल की, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। कर्मचारियों के मुताबिक जज के आवास का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी



गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने धक्का मारकर उनके आवास का दरवाजा खोला। तब पुलिस अंदर घर में दाखिल हुई। अंदर एक कमरे में पंखे से उनका शव फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना पर डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मौके पर छानबीन के दौरान कुछ अभिलेख मिले हैं, जो घटनाक्रम से संबंधित हो सकता है। सभी तथ्यों पर गहनता से जांच कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि ज्योत्सना राय मूल रूप से मऊ जिले की रहने वाली थीं। वह बदायूं में सिविल जज जूनियर डिवीजन की मुंसिफ मजिस्ट्रेट थीं। बदायूं में उनकी दूसरी पोस्टिंग थी। इससे पहले वह अयोध्या में भी तैनात रह चुकी थीं। वह वर्ष 2019 में सिविल जज बनी थीं। उनकी उम्र 29 साल बताई गई है। सरकारी आवास में महिला जज का शव मिलने से हर कोई स्तब्ध है।

# 135 मामलों में सिर्फ आठ का हुआ मौके पर निस्तारण

**केटी न्यूज/बलिया**

सरकार के मंशानुरूप जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु जनपद के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने तहसील सिकन्दरपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आए लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर राजस्व, पुलिस, खाद्य एवं रसद , चकबंदी, विकास , विद्युत , समाज कल्याण, कृषि, मार्केटिंग एवं शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के कुल 135 मामले आए। जिनमें से आठ का मौके पर निस्तारण किया गया। इसके अलावा सभी मामलों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए डीएम ने समय सीमा के अंदर निस्तारित करने के निर्देश दिए। डीएम ने भूमि विवाद संबंधी मामलों को पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण सत्यापन कर मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस अवसर पर अनुपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जन समस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। अधिकारी जन समस्याओं को गंभीरतापूर्वक लें अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें। डीएम ने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता एवं पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस और राजस्व से जुड़ी समस्याओं पर डीएम ने कहा कि अधिकारी प्राथमिक स्तर पर ही लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करें। ताकि लोगों को यहां-वहां भटकना न पड़े। उन्होंने कड़े तेवर में चेतावनी दी कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कत्तई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि सूचना मिलती है कि कोई भी अधिकारी आम जनता को परेशान करता है या उनके कार्य में विलंब करता है। इस तरह की सूचना पर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी रामजतन यादव, उप जिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी मोहम्मद फहीम सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## नकली नोटों के दो सौदागर गिरफ्तार



**केटी न्यूज/ चंदौली**

धानापुर पुलिस ने सर्विलान्स टीम के साथ शनिवार को एक लाख 18 हजार एक सौ के नकली नोटों के साथ दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्त नकली नोटों के व्यापार में बहुत दिनो से लिप्त थे। पुलिस उनसे मिली जानकारी से नेटवर्क को खंगालने में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष प्रशान्त कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना पर आवाजापुर नहर पुलिया के पास मोटरसाइकिल के साथ खड़े दो व्यक्तियों को घेरकर पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक एक 18 हजार रुपये के नकली नोट बरामद किए। पकड़े गए अभियुक्त अमरेश पाठक पुत्र शिवमूरत पाठक निवासी ग्राम बथावर थाना सकलडीहा तथा दूसरा अरविन्द यादव पुत्र महेन्द्र यादव निवासी ग्राम कैलावर बताया। अमरेश पाठक उपरोक्त के पास से कुल अंठानवें रुपए (जाली) नोट व दो अदद मोबाइल बरामद हुआ तथा दूसरे व्यक्ति अरविन्द यादव के पास से कुल उन्नीस हजार रुपए के जाली नोट तथा एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ। नोटों पर आरबीआई लिखी तार मौजूद नहीं थी। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया स्थानीय परिचित लोग भी धन्धे में संलिप्त हैं जिनसे हम लोग बीस हजार असली रुपये से एक लाख जाली रुपए मंगाता हूं और 25 हजार रुपए में एक लाख रुपए का जाली नोट बाजार में ग्राहक के माध्यम से खपाता हूं।

# मनियारी सीएचसी में खड़ी एंबुलेंस में लगी भीषण आग, तीन जलकर राख

**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिहारी में खड़ी एंबुलेंस में अचानक आग लग गई। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। लोग कुछ समझ पाते तबतक आग ने विकराल रूप ले लिया। लोग इधर-उधर भागने लगे। इस दौरान वहां मौजूद लोग जबतक आग पर काबू पाते तबतक पांच एंबुलेंस में तीन पूरी तरह जलकर राख हो गई। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ केंद्र और ब्लॉक मनिहारी दोनों सटा है। शनिवार को देर शाम सीएचसी परिसर में खड़ी एंबुलेंस में आग कैसे लगी, किसी को पता नहीं चला और एंबुलेंस तेज आग की लपटों के साथ जलने लगी। कार्यालय से भागकर अधिकारी व चिकित्सक कुछ समझ पाते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। हालांकि कड़ी मशक्कत के बाद लोगों ने बाल्टी से पानी फेंककर आग



पर काबू पाया। लेकिन तबतक पांच एंबुलेंस में तीन पूरी तरह जल गई। मनिहारी सीएचसी स्वास्थ केंद्र के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पांच एंबुलेंस में तीन जल गई है। लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया है। उन्होंने बताया कि एंबुलेंस के पास अज्ञात लोगों द्वारा शौच किया जाता था। ऐसे में बीड़ी या सिगरेट पीने के बाद पेड़ों के गिरी पत्ती से आग लग सकती है या फिर किसी की शरारत भी हो सकती है। यह लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर कैसे सीएचसी केंद्र परिसर में आग लगी। अथवा अज्ञात व्यक्ति शौच करने पहुंचा और जलती बीड़ी-सिगरेट फेंक दिया। यह जांच का विषय है। इस घटना के आम लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर यह घटना कैसे हुई।

## धूमधाम से मनाया गया 28वां लटिया महोत्सव, हजारों लोग हुए शामिल

# बुद्ध के संदेशों ने किया दुनिया का कल्याण : शाक्य

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के जमानियां तहसील के लटिया गांव में भारत लेनि. अमर शहीद बाबू जगदेव प्रसाद के जन्म दिवस पर सम्राट अशोक क्लब की ओर से 28वें लटिया महोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें आस-पास के क्षेत्रों के अलावा दूरदराज के इलाकों से हजारों लोग सम्राट अशोक के चाहने वाले शामिल हुए। इसके मुख्य अतिथि परमानंद शाक्य नेपाल देश के काठमांडू शहर से तथा उनके साथ विशिष्ट अतिथि अनिता शाक्य,अति विशिष्ट अतिथि मधु सिंह और संजय प्रसाद के अलावा सम्राट अशोक महान की पुत्री चारु मति के



वंशज भी उपस्थित रहीं। इसके बाद लटिया लाट पर पंचशील दीप प्रज्जवलित किया गया। इस अवसर पर पंचशील तथा सम्राट अशोक के ध्वज के साथ ही तिरंगा फहराया गया।अतिथियों ने मंच पर स्थापित सम्राट अशोक, जगदेव बाबू एवं भगवान बुद्ध आदि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किया। इसके बाद पंचशील दीप जलाकर सम्राट अशोक क्लब के संस्थापक स्व. सुभाष सिंह मौर्य को श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। समारोह में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि परमानंद शाक्य ने कहा कि भारतीय संविधान ही भारत की राष्ट्रीय पुस्तक है।भारतीयों को आर्थिक, सामाजिक, राजनैतिक अधिकार भारतीय संविधान ही प्रदान करता है। संगोष्ठी में धनंजय मौर्य ने कहा कि भारतीय संविधान का अभी तक पूर्ण रूप से क्रियान्वयन नहीं हो पाया है। इसी वजह से देश में तमाम सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक विषमताएं हैं। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुशवाहा ने विचार व्यक्त किया। बताया जाता है। की सम्राट अशोक क्लब के द्वारा मनाया 28 वां लटिया महोत्सव। इस दौरान मुख्य अतिथि परमानंद शाक्य बोले कि भगवान बुद्ध के संदेशों ने किया दुनिया का कल्याण। क्षेत्र के लटिया गांव में आज सम्राट अशोक क्लब की ओर से धूमधाम से 28 वां लटिया महोत्सव मनाया गया। काठमांडू ,नेपाल से आए मुख्य अतिथि परमानंद शाक्य ने लटिया लाट पर पंचशील दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर पंचशील तथा सम्राट अशोक के ध्वज के साथ ही उपजिलाधिकारी डा हर्षिता तिवारी ने तिरंगा फहराया।





